RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज


नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 अंक 285 नागौर, 22 सितम्बर, 2022 (गुरुवार) मूल्य 5 रुपया पृष्ठ 4 E-Edition

# नहीं रहे कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव

## दिल्ली के एम्स में ली आखिरी सांस



नई दिल्ली

कॉमेडी के दुनिया के बादशाह कहे जाने वाले बेहतरीन कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने दिल्ली के एम्स में आखिरी सांस ली। 10 अगस्त को वर्कआउट के दौरान उनको दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उनको आनन फानन में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जिसके बाद से ही उनकी हालत में उतार-चढ़ाव बना हुआ था। कभी उनकी हालत में सुधार आ रहा था, तो कभी उनकी हालत बेहद गंभीर हो जाया करती थी। अपनी इस जिंदगी और मौत की जंग में लोगों को हंसाने वाले राजू श्रीवास्तव सभी को रुला कर चले गए।

वहीं उनका इलाज करने वाले डॉक्टर्स का कहना है कि उनकी हालत काफी बेहद नाजुक बनी हई थी। उनको पहले आईसीयू में एडमिट करवाया गया था, लेकिन तबीयत में कोई सुधार न होने के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया गयाष फिर भी उनकी हालत में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। इतना ही नहीं उनके दिमाग ने भी काम करना बंद कर दिया था।

बताया जा रहा था कि उनको होश में लाने के लिए डॉक्टर्स अपनी और से पूरी कोशिश कर रहे थे। उनको लगातार दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन की आवाज सुनाई जा रही थी, जिसमें बिग बी उनसे उठने के लिए कहा करते थे। इसकी जानकारी खुद उनके परिवार की ओर से दी गई थी। बताया जाता है कि कॉमेडियन बिग बी को अपना आदर्श माना करते थे।


बता दें कि डॉक्टर्स की भरपूर कोशिशों के बाद भी भी कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को बचा नहीं जा सका। फिलहाल, कॉमेडियन की परिवार की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है, लेकिन राजू श्रीवास्तव के पीए राजेश शर्मा ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि हमे उम्मीद थी की वो ठीक हो जाएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि मैं मुंबई में हूं अभी मेरी बात हुई है। राजू भाई का ऐसे अचानक से जाना हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। बता दें कि काफी लंबे समय से उनके परिवार वालों की और उनके फैंस की ओर से उनके जल्द ठीक होने की कामना की जा रही थी। लगातार उनके लिए प्रर्थानाएं हो रही थी।

# राजस्थान नहीं छोड़ेंगे गहलोत

## दिल्ली दरबार को बताएंगे कांग्रेस को मजबूत करने का फार्मूला

### सोनिया-गहलोत के बीच 2 घंटे चली मीटिंग



जयपुर।

सचिन पायलट केरल में राहुल गांधी से मिले तो उनके समर्थकों का हौंसला सांतवें आसमान पर पहुंच गया। ऐसे में गहलोत का भावुक होना भी लाजमी है। ट्विटर पर गहलोत ने पार्टी के प्रति अपनी वफादारी निभाने की औपचारिकता को पूरा किया। लेकिन सवाल ये है कि क्या गहलोत का दिल्ली जाना तय है? सियासत में कुछ भी संभव है। पार्टी भले ही हाशिए पर हो, लेकिन कद और पद की लालसा और नेताओं की प्रतिस्पर्धा में कोई कमी नहीं होती है, ऐसा ही कुछ हाल है कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं का। राहुल से पायलट की मुलाकात क्या हुई राजस्थान की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गरम हो गया। मुख्यमंत्री नें ट्ववीट कर पार्टी आलाकमान को भरोसा दिलाया की वो पार्टी हित में साथ खड़े है चाहे फैसला कुछ भी हो।

### राजस्थान सीएम पद के लिए जोर आजमाइश

पायलट और गहलोत की सीएम पद की लड़ाई अब पुरानी हो चुकी है लेकिन इसमें नया पेंज अब दिल्ली से फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए गहलोत के नामांकन दाखिल करने की खबर के साथ ही राजस्थान में सचिन पायलट की सीएम कुर्सी पर ताजपोशी की बात कार्यकर्ताओं पर हावी है। राजस्थान कांग्रेस में गहलोत की भूमिका 2023 चुनावों क्या होगी , सभी इस पर मंथन कर रहे है क्योंकि गहलोत खुद देश में कांग्रेस को मजबूत करने की बात कह चुके है। संकेत को समझे तो साफ है गहलोत दिल्ली कूच का मन बना चुके है।

### फेल हुआ गहलोत का जादू, पायलट ने बिगाड़ा खेल

पायलट के समर्थक उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर देखना चाहते हैं और कई विधायक खुल कर ये बात कह भी चुके है कि दिल्ली को गहलोत की जरुरत है। लेकिन खुद गहलोत विधायक दल की बैठक में बोल चुके हैं कि पार्टी का फैसला उनके लिए सर्वोपरी है और जो भी जिम्मेदारी पार्टी देगी वो उसे मानेंगे , लेकिन साथ ही उन्होनें अपनी मंशा भी साफ जाहिर की है ,वो राजस्थान से दूर कभी भी नहीं रहेंगे .

### गहलोत का राहुल पर भरोसा

गहलोत की गांधी परिवार के प्रति वफादारी जगजाहिर है। पार्टी उन भरोसा भी करती है इसलिए उन्हें दिल्ली बुलाए जाने के संकेत भी मिल रहे है। गहलोत ने कहा है अगर उन्हें नामांकन के लिए कहा जाएगा तो वे पीछे नहीं हटेंगें . लेकिन एक बार खुद जाकर राहुल गांधी से अध्यक्ष बनने का आग्रह करेंगे . उनका मानना है कि राहुल अध्यक्ष बनकर भारत जोड़ो यात्रा निकालेंगे तो उसका दोगुना प्रभाव होगा .

### गहलोत के बिना पायलट की राह आसान नहीं

राजनीतिक पंडित मान रहे है कि सीएम की कुर्सी पायलट को भले ही मिल जाए लेकिन उनकी चुनौतियां कम नहीं होगी, गहलोत के अनुभव का सहारा नहीं मिला तो पार्टी 2023 में पीछे रह जाएगी। ये बात दिल्ली कांग्रेस से भी छिपी नहीं है, तो बड़ा सवाल ये खड़ा होता है कि राजस्थान को 2023 विधानसभा चुनाव में दांव पर लगाकर क्या दिल्ली कांग्रेस गहलोत को रबर स्टांप अध्यक्ष बनाने का जोखिम उठाएगी।

### समय बताएगा, मैं कहां रहूंगा : गहलोत

गहलोत ने कहा, समय बताएगा कि मैं कहा रहूंगा, कहां नहीं रहूंगा। एक पद, एक व्यक्ति फॉर्मूले पर उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा तो ये है कि मैं किसी पद पर न रहूं, क्योंकि मैं बहुत पद पर रह चुका हूं। मेरी उपस्थिति से पार्टी को फायदा होना चाहिए, कांग्रेस मजबूत होनी चाहिए, मैं यह चाहता हूं। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। उधर, कांग्रेस सांसद शशि थरूर सुबह कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे और सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी से मुलाकात की। पार्टी के दोनों नेता अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं।

**राहुल से मिलने कोच्चि जाएंगे**–गहलोत दिल्ली से केरल के कोच्चि जाएंगे। वहां राहुल गांधी से मुलाकात कर पूरे मामले में चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, %मैं एक बार और प्रयास कर रहा हूं राहुल गांधी को अध्यक्ष पद के लिए मनाने का। मैं अपने मुख्यमंत्री रहने या न रहने की बात नहीं कर रहा हूं, यह समय बताएगा। मैं वहां रहना पसंद करूंगा, जहां मेरे रहने से पार्टी को फायदा मिल रहा हो।

# संयुक्त राष्ट्र में बोले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन रूस ने यूएन चार्टर के मूल सिद्धांतों का किया उल्लंघन

नई दिल्ली।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान यूक्रेन मामले को लेकर उन्हें जबरदस्त तरीके से रूस पर हमला बोला। साथ ही साथ संयुक्त राष्ट्र पर भी सवाल खड़े किए। अपने संबोधन में जो बाइडेन ने कहा कि यह युद्ध यूक्रेन के एक राज्य के रूप में अस्तित्व के अधिकार को खत्म करने के बारे में है। आप जो भी हैं, जहां भी रहते हैं, जो कुछ भी आप मानते हैं – वह आपके खून को ठंडा कर देगा। इसलिए महासभा में 141 राष्ट्र एक साथ आए और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की निंदा करें।

बाइडेन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रमुख सदस्य ने अपने पड़ोसी पर आक्रमण किया, एक संप्रभु राज्य को मानचित्र से मिटाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि रूस ने बेशर्मी से संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन, राष्ट्रपति पुतिन ने अप्रसार व्यवस्था की जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह होकर यूरोप के खिलाफ परमाणु धमकियां दीं। रूस लड़ाई में शामिल होने के लिए और सैनिकों को बुला रहा है।

# रतन टाटा बने पीएम केयर्स फंड के ट्रस्टी

नई दिल्ली।



बुधवार को पीएम केयर्स फंड ट्रस्ट के नए ट्रस्टियों के नाम की घोषणा हुई। इसमें रतन टाटा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस केटी थॉमस, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष करिया मुंडा, निर्मला सीतारमण और अमित शाह को ट्रस्टी बनाया गया है। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली बैठक के एक दिन बाद हुई, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ नए सदस्य भी शामिल हुए थे।

### सलाहकार समिति भी बनी

ट्रस्टियों के बाद पीएम केयर्स फंड में सलाहकार बोर्ड भी बनाया गया, जिसमें कई मशहूर शख्सियतों को शामिल किया गया। इनमें भारत के पूर्व सीएजी राजीव महर्षि, इम्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति, टीच फॉर इंडिया के सह-संस्थापक और इंडिकॉर्प्स और पीरामल फाउंडेशन के पूर्व सीईओ आनंद शाह शामिल हैं। केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक 2020-21 के बीच पीएम केयर फंड के तहत कुल 7,031.99 करोड़ रुपए इकट्ठा हुए थे।

### दो साल पहले बना था पीएम केयर्स फंड

ट्रस्टियों ने फंड में मिले योगदान को एक्सेप्ट किया, जिसमें 4,345 बच्चों को सपोर्ट देने वाली पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना भी शामिल है। यह योजना मई 2021 में लागू हुई थी, जिसमें उन बच्चों को शामिल किया गया, जिनके माता-पिता पीएम केयर फंड 2020 में कोरोना महामारी के दौरान बनाया गया था। प्रधानमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष हैं और इसमें दिए जाने वाली हर रकम आयकर से पूरी तरह मुक्त हैं।

### पीएम केयर्स फंड के लीगल स्टेटस पर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका

जुलाई 2022 में दिल्ली हाईकोर्ट ने सम्यक गंगवाल की याचिका पर केंद्र से जवाब दाखिल करने कहा था, जिसमें पीएम केयर्स फंड को स्टेट घोषित करने की मांग की गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 सितंबर को संविधान और सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत पीएम केयर्स फंड के लीगल स्टेटस पर 31 जनवरी को सुनवाई करेगा।

## आधार कार्ड के लिए लागू हुआ नया नियम

# देश की सुरक्षा के लिए हुआ फैसला, 1 अक्टूबर से चुनिंदा सेंटर्स पर बनेगा




जयपुर।

देशभर में 1 अक्टूबर से 5 साल से ज्यादा एजग्रुप का नया आधार रजिस्ट्रेशन केवल चुनिंदा सेंटर्स पर ही होगा। यूनिक आईडेंटिफिकेशन ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने इसको लेकर सभी देश के सभी यूआईडीएआई सर्विस प्रोवाइडर, रजिस्ट्रार और संबंधित एजेंसी को मेमोरेंडम जारी किया है। डीओआईटी अधिकारियों की माने तो एडल्ट यानी 18 साल से ज्यादा एजग्रुप के आधार एनरोलमेंट 100 फीसदी से ज्यादा हो गया है, जिसे देखते हुए यह निर्णय किया है। वहीं यूआईडीएआई ने जो मेमोरेंडम जारी किया है, देश की सुरक्षा में कोई खतरा न हो इसे देखते हुए ये निर्णय लेने की बात कही है। इस मेमोरेंडम में 0 से 5 साल की एजग्रुप के बच्चों का नया आधार रजिस्ट्रेशन करने की प्राथमिकता दी है, जबकि 5 साल से बड़े एजग्रुप के लोगों के लिए जिले और ब्लॉक लेवल पर चुनिंदा सेंटर्स पर भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही है।

# पंजाब सरकार की तरफ से बुलाए गए विशेष सत्र को राज्यपाल ने किया रद्द

### केजरीवाल बोले- देश में एक तरफ संविधान और दूसरी तरफ़ ऑपरेशन लोटस





नई दिल्ली

दिल्ली में एलजी विनय सक्सेना और आम आदमी पार्टी की सरकार के बीच तनातनी की खबरें आम हैं। आबकारी नीति से लेकर विभिन्न मुद्दों पर टकराव साफ देखने को मिल रहा है। लेकिन अब राज्यापाल और सीएम के बीच के टकराव की नई कहानी पंजाब में भी शुरू होती नजर आ रही है। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा गुरुवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के आदेश को वापस ले लिया। राज्य सरकार ने विश्वास प्रस्ताव पारित करने के लिए सत्र बुलाया था। राज्यपाल ने ऐसा करने के लिए विशिष्ट नियमों की अनुपस्थिति के कारण आदेश वापस ले लिया।

पंजाब कैबिनेट ने बीते दिन ही विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पहले घोषणा की थी कि विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाया जाएगा, कुछ दिनों बाद सत्तारूढ़ आप ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पंजाब में अपनी सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ दल ने हाल ही में दावा किया था कि उसके कम से कम 10 विधायकों को भाजपा ने छह महीने पुरानी सरकार को गिराने के लिए 25-25 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ विधायकों से संपर्क साधा था।

राज्यपाल के इस आदेश के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि राज्यपाल कैबिनेट के बुलाए सत्र को कैसे मना कर सकते हैं? फिर तो जनतंत्र खत्म है। केजरीवाल ने कहा कि दो दिन पहले राज्यपाल ने सत्र की इजाज़त दी। जब ऑपरेशन लोटस फ़ेल होता लगा और संख्या पूरी नहीं हुई तो ऊपर से फ़ोन आया कि इजाज़त वापिस ले लो> आज देश में एक तरफ़ संविधान है और दूसरी तरफ़ ऑपरेशन लोटस।

# स्कूल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स सील

### जेडीए ने निवारू रोड पर बने एस.एस. इन्टरनेशनल स्कूल की बिल्डिंग सील की

**जयपुर।** जयपुर के निवारू रोड हरनाथपुरा स्थित एस.एस. इन्टरनेशनल स्कूल की वह बिल्डिंग जिसे आज जेडीए ने सील किया है। इस बिल्डिंग के ऊपर की तीन मंजिल जो नई बनी है उन तीनों मंजिलों को सील किया गया है। जयपुर जेडीए की एन्फोर्समेंट विंग ने आज सुबह जयपुर में 2 जगहों पर बड़ी कार्रवाई की। इसमें एक स्कूल की पुरानी बिल्डिंग का विस्तार करते हुए उसके ऊपर बनाई 3 नई मंजिलों को सील किया। वहीं पृथ्वीराज नगर मानसरोवर एरिया में एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को सील करने की कार्रवाई की गई। जेडीए एन्फोर्समेंट विंग के चीफ रघुवीर सैनी ने बताया कि जेडीए के जोन 7 एरिया में निवारू रोड पर हरनाथपुरा में बने एस.एस. इंटरनेशन स्कूल पर कार्रवाई की गई। यहां स्कूल संचालक ने एग्रीकल्चर जमीन पर जेडीए की बिना अनुमति और लैंड कन्वर्जन करवाए स्कूल की बिल्डिंग बना रखी थी।

# हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की न्यूज चैनल्स को फटकार

### नफरत को रोकना एंकर की जिम्मेदारी, सरकार इस पर आंखें मूंदकर क्यों बैठी है?



नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से भरे टॉक शो और रिपोर्ट टेलीकास्ट करने पर टीवी चैनलों को जमकर फटकार लगाई। हेट स्पीच से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस ऋषिकेश रॉय की बेंच ने बुधवार को यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि यह एंकर की जिम्मेदारी है कि वह किसी को नफरत भरी भाषा बोलने से रोके। बेंच ने पूछा कि इस मामले में सरकार मूकदर्शक क्यों बनी हुई है। क्या यह एक मामूली मुद्दा है। कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन टिवी पर अभद्र भाषा बोलने की आजादी नहीं दी जा सकती है। ऐसा करने वाले यूनाइटेड किंगडम के एक टीवी चैनल पर भारी जुर्माना लगाया गया था।

**हमें पता होना चाहिए कि रेखा कहां खींचनी है-सुप्रीम कोर्ट-** कोर्ट ने कहा, मेनस्ट्रीम मीडिया या सोशल मीडिया चैनल बिना रेगुलेशन के हैं। यह देखना एंकर्स की जिम्मेदारी है कि कहीं भी हेट स्पीच न हो। प्रेस की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। उन्हें अमेरिका जितनी आजादी नहीं है, लेकिन यह पता होना चाहिए कि सीमा रेखा कहां खींचनी है।

**सरकार को इस मामले में कोर्ट की मदद करनी चाहिए-** नफरत फैलाने वाले शो दर्शकों को क्यों पसंद आते हैं, इस पर कोर्ट ने कहा कि किसी रिपोर्ट में नफरत से भरी भाषा कई लेवल पर होती है। ठीक वैसे, जैसे किसी को मारना। आप इसे कई तरह से अंजाम दे सकते हैं। चैनल हमें कुछ विश्वासों के आधार पर बांधे रखते हैं। लेकिन, सरकार को प्रतिकूल रुख नहीं अपनाना चाहिए। उसे कोर्ट की मदद करनी चाहिए।

**हेट स्पीच से फायदा सिर्फ नेताओं को**–सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने कहा कि हेट स्पीच से राजनेताओं को सबसे ज्यादा फायदा होता है और टेलीविजन चैनल उन्हें इसके लिए मंच देते हैं। सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने कहा- चैनल और राजनेता ऐसी हेट स्पीच से ही चलते हैं। चैनलों को पैसा मिलता है इसलिए वे दस लोगों को बहस में रखते हैं।

## सम्पादकीय

# कसौटी पर करुणा

जब हम किसी को यह कहते सुनते हैं कि दया ही दुख का कारण है तो एकबारगी तो लगता है ये कैसी संवेदनहीन बात है। मगर जब अपने आसपास दया, करुणा और संवेदनाओं का खेल देखने में आता है, रोजमर्रा की जिंदगी में तरह-तरह के अनुभवों से गुजरना पड़ता है, तब लगता है कि यह बात उतनी भी गलत नहीं कि दया ही दुख का कारण है। दरअसल, बात एकबारगी तो नकारात्मक नजर आती है, मगर अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते कई बार ऐसे अनुभवों से गुजरना पड़ा कि इस मसले पर नए सिरे से सोचने की जरूरत महसूस हुई।

कई बार कोई न कोई दंपति चेहरे पर दर्द ओढ़े यह कहता मिला कि सफर के दौरान उनका सारा सामान कहीं चोरी चला गया है, घर जाने तक के पैसे नहीं हैं। कितने पैसों की जरूरत है, यह पूछने पर बताई गई राशि की व्यवस्था की, ताकि वे अपने घर जा सकें। मगर दुखद आश्चर्य जब हुआ कि कई बार उन्हें इसी तरह शहर के अलग-अलग हिस्सों में यहां-वहां उसी बहाने से पैसे मांगते देखा और लगा कि जब यह कहा जा रहा है कि दया ही दुख का कारण है तो यह शायद उनके अनुभवों पर आधारित होगा। ऐसे में सचमुच के जरूरतमंदों के प्रति भी संदेह की धारणा बनती है।

अपने शहर में एक धार्मिक स्थल ऊंची पहाड़ी टेकरी पर है, जहां शहर के और शहर के बाहर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शनों के लिए आते हैं। उस पहाडी के नीचे कई सक्षम दिख रहे लोग दर्शनार्थियों से मातारानी के नाम पर जिस तरह भीख मांगते हुए उनसे व्यवहार करते है और दयावश वे श्रद्धालु उन्हें राशि देने को मजबूर हो जाते है, तो वह देखकर भी यही लगता है कि दया का सिरा कहां जाता है। वहां उन परिवारों के बच्चे भी बड़ी संख्या में स्कूल जाने के बजाय माथे पर चंदन लगाए और छोटी-छोटी कटोरियों में चंदन जैसा कुछ लिए लोगों को जबरन टीका लगाने की जिद करके पैसे मांगते हैं। लोग दयावश या पीछा छुड़ाने की गरज से उन्हें पैसे देते भी हैं।

यह सब देखकर कई बार लगता है भीख मांगने के धंधे के भरोसे क्यों लोग सही जरूरतमंद का हक मार कर लोगों की भावनाओं का शोषण करते हैं। एक दिन परिवार में पूजा के बाद प्रसाद स्वरूप भोजन की थैली किसी जरूरतमंद को देने निकला तो असहाय से दिखने वाले व्यक्ति ने ले तो लिया, लेकिन साथ ही फरमाईश भी कर दी कि एक बीस का नोट भी उसे दिया जाए। कई बार जब कोई व्यक्ति भूख की दुहाई देकर कुछ मांगता है और उसे कुछ खिलाने के लिए होटल चलने की बात की जाती है तो वह सीधे-सीधे पैसों की मांग करने लगता है। इस तरह के कई लोग नशे के कारोबारियों की चपेट में आकर नशे के लती भी बन जाते हैं।


किसी भी धार्मिक स्थल पर यह देखा जा सकता है कि तरह-तरह की भाव-भंगिमाओं के साथ लाचारी का अभिनय करते खाए-अघाए मांगते लोग आपकी-हमारी भावनाओं का शोषण करके खासकर महिलाओं के इस तरह पीछे पड़ते दिखते हैं कि उनसे पीछा छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। कई बार ऐसे लोग बदतमीजी करने से भी बाज नहीं आते। पिछले साल अपने साथियों संग जब दिवाली पर साधनहीन परिवारों के बच्चों को खुशियां बांटने निकले तो कई दुखद अनुभवों का सामना करना पड़ा। उपहारों, मिठाइयों और पटाखों पर जिस तरह की छीना-झपटी हुई, उससे खुशियां बांटने की जगह दर्द और परेशानी लेकर लौटना पड़ा है।

# फैलते हुए ब्रह्मांड की गुत्थी

**ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है और इसके फैलने की गति तेज हो रही है। सभी ग्रह-नक्षत्र और आकाशगंगाए एक-दूसरे से दूर होती जा रही हैं। यह रहस्य पिछले दो दशकों से अनसुलझा है कि आखिर ऐसा क्या है, जिसकी वजह से यह विस्तार कायम है और इसकी गति तेज हो रही है। वैज्ञानिक कई तरीकों से इस विस्तार की गति को समझने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वे ब्रह्मांड की उम्र, संरचना और विस्तार जैसे कई अनसुलझे सवालों के जवाब खोज सकते हैं। शिकागो यूनिवर्सिटी के खगोलविदों ने ब्रह्मांड के विकास को समझने के लिए स्पेक्ट्रल सायरन नाम की नई पद्धति सुझाई है, जिसमें ब्लैक होल के टकराव के जरिए वे पुरातन ब्रह्मांड को समझ सकते हैं। ब्लैक होल के बारे में कहा जाता है कि वह ऐसी जगह है जहां सूचनाएं भी गायब हो जाती हैं, फिर भी वैज्ञानिकों ने कई परोक्ष तरीकों से इनके जरिए ऐसी जानकारी निकालने में सफलता पाई है, जिससे ब्रह्मांड के इतिहास के बारे में पता चल सकता है। नए अध्ययन में दो खगोलविदों ने ऐसी पद्धति का विकास किया है जिसके जरिए टकराने वाले ब्लैक होल के जोड़े का उपयोग कर ब्रहमांड के विस्तार की गति का मापन किया जा सकता है।**

**उन्नत** तकनीक के इस दौर में कई दशक से धरती और ब्रह्मांड के बारे में अनुसंधान और खोज जारी है। इसके बावजूद वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा बहुत कुछ है, जिसका पता लगाना बाकी है। इस बीच वैज्ञानिकों को अपनी दुनिया के बारे में तो बहुत कुछ पता है, लेकिन अब उन्हें धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया पर भी यकीन हो गया है, जो हमारी दुनिया से बिल्कुल उलटी है। लगभग चौदह अरब साल पहले ब्रह्मांड नहीं था, सिर्फ अंधकार था। अचानक एक बिंदु की उत्पत्ति हुई। फिर वह बिंदु मचलने लगा। इस बिंदु के अंदर ही विस्फोट होने लगे। तब अंदर मौजूद प्रोटोनों की आपसी टक्कर से अपार ऊर्जा पैदा हुई। विस्फोट बदला महाविस्फोट में। इन महाविस्फोटों से ब्रह्मांड का निर्माण होता रहा। आज भी ब्रह्मांड में महाविस्फोट होते रहते हैं। इस तरह ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है। यही बिग बैंग सिद्धांत है। इससे हमें पता चल सकेगा कि हमारा ब्रह्मांड कहां से विकसित हुआ, वह किससे बना और वह कहां जा रहा है। ब्रह्मांड के विस्तार की दर क्या है, यही सबसे बड़ा सवाल और बहस का विषय बना हुआ है। इसे हबल स्थिरांक के जरिए परिभाषित किया जाता है, लेकिन इसकी गणना के लिए अलग-अलग पद्धतियों का उपयोग होता है, जिससे अलग-अलग मात्राएं नतीजे में मिलती हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक वैकल्पिक तरीके भी पता लगा रहे हैं। इस संख्या की सटीकता से ही ब्रह्मांड की उम्र, उसके इतिहास और संरचनाओं संबंधी सवालों के उत्तर मिल सकते हैं। नया अध्ययन इस गणना के नए तरीके को प्रस्तावित कर रहा है, जिसमें ब्लैक होल के टकराव से पैदा हुए खगोलीय कंपनों को विशेष डिटेक्टर द्वारा मापा जा सकेगा। जब दो ब्लैक होल आपस में टकराते हैं तो उनसे पूरे ब्रह्मांड में हर तरफ 'आकाश-काल' में एक कंपन फैलती है। पृथ्वी पर अमेरिका में लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव आबजर्वेटरी और इटली की वर्गो वेधशाला इन कंपनों को पकड़ सकते हैं, जिन्हें गुरुत्व तरंगें कहा जाता है।

पिछले कुछ सालों में लीगो और वर्गो ने करीब दस ब्लैक होल जोड़ों के टकरावों के आंकड़े जमा किए हैं। इन तरंगों में ब्लैक होल के भार की जानकारी छिपी होती है। लेकिन ये ब्रह्मांड के विस्तार के कारण, रास्ते में इन तरंगों के गुणों में बदलाव आ जाता है। वैज्ञानिक अगर इन तरंगों में बदलाव का मापन कर सके तो वे ब्रह्मांड के विस्तार की दर का भी पता लगा सकते हैं। फिर भी यहां एक समस्या है कि यह कैसे पता चलेगा कि संकेत मूल रूप से कितने बदले हैं। नए शोध पत्र में जोस मारिया इज्क्यूयागा और डेनियल होल्ज सुझाते हैं कि वे ब्लैक होल की पूरी जनसंख्या की मिली नई जानकारी को आधार बना सकते हैं और भविष्य में बदलाव से तुलना कर ब्रह्मांड के विस्तार की दर का पता लगा सकते हैं। इस पद्धति से ब्रह्मांड के उस युग के बारे में पता चलेगा जब तथाकथित 'डार्क मैटर' ने ब्रह्मांड में हावी होना शुरू कर दिया होगा। इस संक्रमण काल के अध्ययन में वैज्ञानिकों की विशेष दिलचस्पी है। ब्लैक होल से जितनी जानकारी मिलती जाएगी इस पद्धति की सटीकता भी बढ़ती जाएगी। इसके लिए हमें हजारों की तादाद में



संकेत चाहिए, जिसमें एक दो दशक का समय लग सकता है और तब तक यह पद्धति ब्रह्मांड के बारे में सीखने का एक बहुत शक्तिशाली उपकरण बन जाएगी। ब्लैक होल के अलावा डार्क मैटर और एंटी मैटर पर भी तेजी से खोजबीन चल रही है। लेकिन वे अभी तक रहस्यमय बने हुए हैं। जो भी दिखाई दे रहा है वह मैटर है। मैटर अर्थात पदार्थ। एंटीमैटर आभासित माना गया है, पर डार्ट मैटर की सत्ता है। वैज्ञानिक अभी तक इसकी खोज में लगे हुए हैं कि डार्क मैटर क्या है। ऐसा माना जाता है कि अंतरिक्ष का पंचानबे फीसद हिस्सा डार्क मैटर और डार्क एनर्जी से मिल कर बना है। डार्क मैटर एक आकर्षक शक्ति के रूप में कार्य करता है, एक प्रकार का ब्रह्मांडीय मोर्टार, जो हमारी दुनिया को एक साथ रखता है। ऐसा इसलिए है, कि डार्क मैटर गुरुत्वाकर्षण के साथ इंटरैक्ट करता है, फिर भी प्रकाश को प्रतिबिंबित, अवशोषित या उत्सर्जित नहीं करता। डार्क एनर्जी एक प्रतिकारक बल है, एक प्रकार का एंटी-ग्रेविटी, जो ब्रह्मांड के विस्तार को धीमा कर देता है। ऐसा अनुमान है कि लगभग तेईस प्रतिशत हिस्सा डार्क मैटर ही है। एंटीमैटर की दूर तक कोई सत्ता नहीं है, लेकिन डार्क मैटर सब जगह है। वैज्ञानिकों के अनुसार डार्क मैटर और डार्क एनर्जी ही वह एक कड़ी है, जिसने इस समूचे ब्रह्मांड को एक क्रमबद्ध ढंग से बांध रखा है। डार्क मैटर ऐसे पदार्थों से मिल कर बने हैं, जो न तो प्रकाश छोड़ते हैं, न सोखते हैं और न ही परावर्तित करते हैं। इस कारण इसे अभी तक देख पाना संभव नहीं हो पाया है। आकाशगंगाओं की खोज में तारों का पीछा करते हुए वैज्ञानिकों ने डार्क मैटर को खोजा। लेकिन वे इसके बारे में कभी सही जानकारी नहीं जुटा सके। यह पता चला कि सभी आकाशगंगा के ग्रह, तारे और नक्षत्र गुरुत्वाकर्षण की बंधन शक्ति के कारण स्थिर हैं। पर गणना करने पर पता चला कि गुरुत्वाकर्षण शक्ति इतनी नहीं है कि वह आकाशगंगा को थाम सके। मतलब कुछ और ही अज्ञात चीज है, जो इन्हें थाम रही है। अन्यथा अब तक गुरुत्वाकर्षण शक्ति कमजोर हो गई होती और सभी ग्रह, नक्षत्र तारे अपने परिक्रमा पथ से भटक गए होते। इसी सोच ने डार्क मैटर की अवधारणा को बल दिया। डार्क मैटर ही इस ब्रह्मांड को द्रव्यमान दे रहा है। उन्नत तकनीक के इस दौर में कई दशक से धरती और ब्रह्मांड के बारे में अनुसंधान और खोज जारी है।

## देश-प्रदेश समाचार

# राजस्थान ग्रामीण मरुधरा बैंक में मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय नागौर द्वारा डेगाना के आसपास के बैंक मित्र और बैंक सखी की समीक्षा बैठक रखी गई, जिसमें बीसी को सामाजिक सुरक्षा में योगदान हेतु मोटिवेट किया गया, साथ ही जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं को प्राप्त कर निस्तारण किया गया। आगामी महा लोग इन डे पर लक्ष्य अर्जित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक उपेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा श्रेष्ठ कार्य करने वाले बी सी प्रथम स्थान पर पूरण सिंह, द्वितीय स्थान पर खींवराज व तृतीय स्थान पर रामेश्वर लाल सहित अन्य बिसियो को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ प्रबंधक विशन सिंह, बी सी सुपरवाइजर हनुमानराम, एफ एल सी बीरमाराम और शाखा प्रबंधक हंसा मीना, सहायक मैनेजर जस्सा राम डूडी, रिटायर्ड कर्मचारी मोहन राम, बैंक बीसी ताराचंद,डाला राम, महेंद्र, माणक चंद,भगवान राम सहित अन्य बीसी भी उपस्थित रहे।

# विभाग यह सुनिश्चित करें कि ठेकेदार दिवाली तक अस्थायी कामगारों को बोनस दें : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अपने सभी विभागों और एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उन्होंने जिन ठेकेदारों की सेवा ली है, वे अस्थायी कर्मचारियों को बोनस दें। ठेके पर काम करने कर्मचारियों से मिली शिकायतों के बाद यह निर्देश दिया गया है। श्रम आयुक्त के हाल के जारी परामर्श में कहा गया है कि लेखा वर्ष के दौरान किसी भी दिन 20 या उससे अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाले सभी ठेकेदार इकाइयां बोनस भुगतान कानून, 1965 के अंतर्गत आती हैं। इसमें कहा गया है, ''यह ठेकेदारों की सांविधिक जिम्मेदारी है कि वे नियोक्ता के रूप में कर्मचारियों को बोनस का भुगतान करें।'' दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों ने बड़ी संख्या में वैसे कामगार काम कर रहे हैं जिन्हें ठेकेदारों ने नियुक्त किया है। परामर्श में कहा गया है कि ठेकेदारों के बोनस का भुगतान न करने को लेकर 'आउटसोर्स' कर्मचारियों से शिकायतें मिली हैं। इसमें कहा गया है, ''बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 सभी निजी प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों के प्रतिष्ठानों पर भी लागू होता है।









## आज का राशिफल

### मेष
आपकी आत्मीयता अधिक संवेदनशील बनेगी। किसी की वाणी या बर्ताव से आपके मन को चोट पहुंचेगी। मानसिक भय और शारीरिक अस्वस्थता से आप बेचैन रहेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी आवश्यक है।

### वृषभ
आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन करेंगे। आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी।

### मिथुन
आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। इसमें थोड़ा विलंब होगा, लेकिन उस संबंध में प्रयास जारी रखने से उन्हें पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजनों में दिक्कत हो सकती है। नौकरी-धंधे में सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

### कर्क
शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मित्रों और स्वजनों के साथ आज का दिन खूब आनंद और उल्लास से व्यतीत होगा। जीवनसाथी के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे, इससे दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

### सिंह
चिंता के कारण स्वास्थ्य को हानि पहुंचेगी। उग्र दलीलों या वाद-विवाद से किसी के साथ संघर्ष होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधानीपूर्वक कदम उठाएं। भावनाओं के प्रवाह में बहकर आप कोई काम ना करें, इसका ध्यान रखें।

### कन्या
थकान, आलस और चिंता के कारण काम का उत्साह मंद पड़ा हुआ प्रतीत होगा। विशेष रूप से संतान के कारण चिंता होगी। कार्यक्षेत्र में भी अधिकारी का नकारात्मक व्यवहार आपके अंदर हताशा पैदा करेगा। विरोधियों की शक्ति बढ़ेगी।

### तुला
तन-मन की स्वस्थता के साथ आज का दिन खुशहाल साबित होगा। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को आर्थिक लाभ होगा। शादी के योग्य व्यक्तियों के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनेगी। मित्रों से लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज आपके कार्य सरलतापूर्वक पूरे होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापारियों को व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगा।

### धनु
आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे। आप साहित्य के क्षेत्र में लेखन तथा पठन के काम में गहरी रुचि रखेंगे। हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी। स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी।

### मकर
अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाएं।

### कुंभ
आपको आज कार्यभार में सफलता के साथ यश भी मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी। नौकरी धंधे में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। घर में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा।

### मीन
आपको काम की चिंता रहेगी। सगे-सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्य जीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

# पेयजल सप्लाई के दौरान घरों में आया काला बदबूदार पानी

## महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ की तेलीरोड़ गली नम्बर 18 में बुधवार को हुई पेयजल सप्लाई के दौरान घरों के नलों में काला व बदबूदार पानी सप्लाई हुआ, जिसके चलते महिलाओं ने विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी करनी शुरू कर दी। महिला हसमत बानो, नजमा बानो, सबीना, हसीना बानो, खैरुन, सायरा बानो आदि ने बताया कि पिछले 10 दिनों के बाद उनके मोहल्ले में पेयजल सप्लाई खोली गई, मगर उसमें भी बदबूदार व काला पानी सप्लाई में आया है जिससे घरों में पहले से बर्तनों में स्टॉक किया हुआ साफ पानी भी खराब हो गया। यहां लाडनूँ की अनेकों गलियों में चल रहे सीवरेज लाईन कार्य से पेयजल सप्लाई की पाइपलाईन टूट जाने से उनके लीकेज में गंदे नालों का पानी मिश्रित हो रहा हैं यहाँ लीकेज लाईनों का समय पर दुरुस्त नहीं किये जाने पर पेयजल सप्लाई में गंदे नालों का पानी आने से लोगों में रोष व्याप्त है।

# सीएचओ ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** एच डब्ल्यू सी पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को बीसीएमओ डॉ. गणेश आसोपा को सौपा गया। सीएचओ ने बताया कि नियुक्ति के 5 माह बीत जाने के बाद एचडब्ल्यूसी पर सुचारू से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीएचओ ने बताया कि अगस्त माह तक का बकाया इंसेंटिव, ट्रेनिग, समय पर करवाने की मांग की गई। इस दौरान सीएचओ राजेन्द्र डिडेल, जगदीश मेघवाल, मनीष जलवानिया, दिनेश बेड़ा, पिंकी लोमरोड़ सहित कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर मौजूद रहे।

# आठ महीने पहले बनी चार दीवारी गिरने के कगार पर

## सरकारी कार्यों की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत भगवानपुरा में ही सेवा केन्द्र और पशु चिकित्सालय केन्द्र भगवानपुरा की चार दीवारी निर्माण का लोकार्पण वर्ष दिसम्बर 2021 को स्थानीय विधायक और सरकार के उपमुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी के कर कमलों से हुआ। किन्तु नव निर्मित यह चार दिवारी आज आठ माह पश्चात गिरने के कगार पर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस चार दिवारी के निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितत्ताए बरती गई और जमकर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया। आजकल सरकारी निर्माण कार्यों में जनता की महंगी कमाई के हिस्से टैक्स एवं सरकारी धन की जमकर बंदर बांट होना जग जाहिर है जिसके कारण कोई भी निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हो पाता है और निर्माण के साथ ही या फिर कुछ दिनों बाद कोई भी निर्माण कार्य टूट फुट कर बराबर हो जाता है। ताज्जुब की बात यह है कि आजकल देखा जाता है कि सरकारी तंत्र द्वारा जो भी निर्माण कार्य करवाए जाते हैं उनकी लागत राशि का शिलापट भी देखने को नहीं मिलता है।

# माली समाज ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## 11 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता सिटी के माली समाज के लोगों ने बुधवार को एसडीएमपूरण कुमार को मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा । ज्ञापन में माली समाज मेड़ता द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से प्रदेश में महात्मा ज्योति बा फुले कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की गई है इसके साथ महात्मा फुले फाउंडेशन का निर्माण की मांग भी की गई। इसके साथ ही ज्ञापन में माली सैनी समाज के लिए अलग से 12त्न आरक्षण की मांग की गई। वही माली समाज ने सरकार से महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई के नाम से विश्वविद्यालय का नामकरण करने तथा दोनो की जयंती पर अवकाश की मांग की गई है। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र सांखला ओम प्रकाश गहलोत दिलीप टाक महेंद्र सिंह चौहान जितेंद्र गहलोत मोहित माली ताराचंद कच्छवाह सहित बड़ी संख्या में माली समाज के लोग उपस्थित रहे।

# खींवसर में खूनी संघर्ष

# गाड़ी चढ़ाकर 2 को कुचला

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर थाना इलाके के कुड़छी गांव में बुधवार देर शाम बावरी समाज के कुछ लोगों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि खूनी संघर्ष में बदल गया। झगड़े के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया, इसके बाद गाड़ी चढ़ा दो लोगों को कुचल डाला, जिससे दो की मौत हो गई। हमले में परिवार के अन्य लोग भी घायल हो गए। गाड़ी से कुचले जाने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए, वहीं घायलों को खींवसर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। मामले में पुरानी रंजिश के चलते हमला होने का अंदेशा जताया जा रहा है, वहीं युवती से छेड़छाड़ का भी एक मामला सामने आ रहा है। हालांकि मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से कोई रिपोर्ट रात तक नहीं दी गई है। वहीं मामले में खींवसर पुलिस फिलहाल जांच करने के साथ आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार 40 साल के मन्नीराम पुत्र भगवानाराम और 22 साल की पूजा पत्नी पूरण की मौत हो गई। वहीं गंभीर घायल 21 साल के मुकेश हुए। अन्य घायलों में 60 साल की गेकु देवी भी शामिल है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने ट्विटर करते हुए कहा कि बावरी समाज के दो लोगों की गाड़ी चढ़ा कर हत्या कर देना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उक्त मामले में घायल हुए लोगो के इलाज के लिए मैंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया है साथ ही हत्या में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर मैंने राजस्थान पुलिस के महानिदेशक से दूरभाष पर वार्ता की है। नागौर जिले में बढ़ते अपराध और अपराधियों के बढ़ते हौसले इस बात की और इंगित कर रहे है की अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं रहा है।





# नेत्र जांच व शल्य चिकित्सा शिविर में 49 का ऑपरेशन के लिए किया चयन



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी द्वारा लायन विजय अग्रवाल के आर्थिक सौजन्य से शंकरा आई हास्पिटल जयपुर और जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में एक नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को बालाजी मंदिर बोरावड़ रोड पर किया गया। क्लब प्रवक्ता महेन्द्र रान्दड़ ने बताया इस शिविर में 107 व्यक्तियों की मधुमेह व उच्च रक्तचाप की जांच कर 49 व्यक्तियों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हुआ। चयन के पश्चात् मरीजों व उनके परिजनों को भोजन करवाकर बस में बैठाकर जयपुर प्रस्थान किया। शिविर में वीडीजी सैकेंड श्याम सुंदर मंत्री, जेडीसी सूरज जैन उपस्थित रहे। इस पर लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी से अध्यक्ष गोपाल विश्नोई, सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप सेठी, लायन रामवतार मानधनिया, लांयन भरत कोचर, लांयन विजय अग्रवाल, लांयन नरेंद्र पीती, लांयन महेंद्र भाटी, लांयन सुरेन्द्र कोठारी, लांयन ओमप्रकाश राठी, लांयन महेन्द्र रान्दड़, लांयन मुकुल, लांयन पवन वैष्णव, लांयन दिनेश शर्मा, लांयन संजय धारीवाल, लायन अल्पा जैन, महावीर इन्टरनेशनल अध्यक्ष जब्बर सिंह खाबीया, सचिव पुखराज लोढ़ा, कोषाध्यक्ष मनोज सहित अन्य ने भी अपनी सेवाएँ दी।

# मौलवी रहमतुल्लाह कासमी का किया स्वागत



हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज )।** खींवसर ग्राम पंचायत भोमासर के सिंधीपुरा में सरपंच प्रतिनिधि निजामुदीन के आवास पर राजस्थान सरकार मदरसा बोर्ड के सदस्य मौलवी रहमतुल्लाह कासमी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बनाने पर जयपुर से बाप जाते समय रास्ते में ग्रामीणों ने साफा माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया। इस मौके पर मौलवी रहमतुल्लाह कासमी ने वक्फ विकास कमेटी नागोर के नायब सदर मनोनित करने पर भोमासर सरपंच प्रतिनिधि निजामुदीन का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अली, मास्टर शमसुद्दीन, फोजी सत्तार खान, जमालुद्दीन, अखे मोहम्मद, मौलाना नूर मोहम्मद, नेन्नऊ सरपंच मोहमद अली, मुफ्ती अब्दुल वहाब, मोहम्मद आलम, मौलाना कासम खान, मास्टर कादर खा, रऊफ खा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कॉंग्रेस पार्टी आमजन की हितैषी :

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के पादूकलां रोड़ जाट छात्रावास परिसर में बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य रियांबड़ी पंचायत समिति उप प्रधान गोविंद करण डांगा का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कालू खां के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। डांगा के पीसीसी सदस्य बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का आभार जताया। नवनिर्वाचित पीसीसी सदस्य डांगा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, उसको पार्टी के कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों को साथ लेकर निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि अब धरातल पर जाकर कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जाएगा। पूर्व विधायक डेगाना रिछपालसिंह मिर्धा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता ही रीढ़ की हड्डी होती है। ब्लॉक अध्यक्ष खां ने कहा कि कांग्रेस ही एक मात्र ऐसा संगठन है, जिसमें पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष माणकचंद पाराशर, राजूराम माली, संगठन महामंत्री रामनिवास भाटी, रियांबड़ी सरपंच संघ अध्यक्ष हरसुख राम कड़वासरा, डोडियाना सरपंच रेखाराम माठ, नथावडा सरपंच रामदेव लामरोड ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। जगदीश प्रसाद राठी ने रियांबड़ी में अस्पताल में रिक्त पड़े डॉक्टरों के पद सहित अन्य मांगों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में ओबीसी आरक्षण में विसंगतियों को दूर करने बाबत ज्ञापन सौंपा गया।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान रियांबड़ी सरपंच संघ अध्यक्ष हरसुखराम, सरपंच संघ पूर्व अध्यक्ष सुशील लटियाल लाम्पोलाई, पूर्व सरपंच सम्पतराज भाटी, बीजाथल सरपंच संग्रामराम बोराणिया, एडवोकेट रामकिशोर तिवाड़ी, रामस्वरूप मेघवाल, उगमाराम सारण, रामनिवास डांगा, नेमाराम रेगर, अविनाश बोरानियो, पुखराज इंदौरा, सत्तार चौहान, शिवजीराम फडौदा, पूर्व सरपंच रामनिवास टिकैत, रामावतार बाना, हरेंद्र तेतरवाल, जरार हुसैन, तैय्यब मोहम्मद , मुरलीधर सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रावणा राजपूत समाज बन्धु कल करेंगे जोधपुर कूच

## हाइफा हीरो शहीद मेजर दलपत सिंह देवली के 104वें बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय महासम्मेलन में लेंगे भाग

जायल( नागौर डेली न्यूज) :




तहसील भर से रावणा राजपूत समाज प्रतिनिधि 23 सितम्बर को जोधपुर जाएगें। तहसील अध्यक्ष रणवीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि जोधपुर के रावण मैदान में आयोजित हाइफा हीरो शहीद मेजर दलपत सिंह देवली के 104 वें बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय महा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर जिला महासचिव श्यामसिंह अड़वड़, जिला सम्पर्क प्रमुख हरिसिंह मांगलिया, युवा तहसील अध्यक्ष रोशन सिंह भाटी सहित कार्यकर्ताओं ने समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने आमंत्रण का न्यौता दिया है। इस बार समाज के राष्ट्रीय महा सम्मेलन में जिले के प्रत्येक गाँव व घर से समाज बन्धु राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने जोधपुर जाएंगे। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह बिरलोका ने बताया कि राजस्व रिकार्ड में समाज का एक ही सम्मानसूचक रावणा राजपूत नामकरण करने, ओबीसी आरक्षण का वर्गीकरण करने, समाज को संख्यानुपात में राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व है फिर भी प्रदेश के 50 लाख रावणा राजपूत समाज को आज तक शासन प्रशासन में भागीदारी नहीं मिली है। इतिहास में पहली बार दोनों ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों ने समाज को एक एक विधायक की टिकट दी गई जिसमें शत प्रतिशत परिणाम लाकर दोनों ही प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधायक बन चुके हैं। चार प्रतिशत समाज को महज आधा प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है । प्रथम विश्वयुद्ध 1918 में इजराइल के हाइफा शहर में तलवार व भालों से तोपों का सामना करते हुए मेजर दलपत सिंह के नेतृत्व में भारतीय दल ने हाइफा शहर को आजादी दिलाकर वीरगति प्राप्त की थी।

इजराइल सरकार आज भी 23 सितम्बर को हाइफा विजय दिवस मनाकर मेजर दलपत सिंह को नमन करती है।

# कुरड़ायां के खेतों में मूंग फसल की हुई क्रॉप कटिंग



## पटवारी और बीमा कंपनी प्रतिनिधि दो दिन से कर रहे कार्य

नरोत्तम जारोड़ियां

**कुरड़ायां/मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** किसानों को फसल खराबे का पूरा मुआवजा मिले इसको लेकर कुरड़ायां में 2 दिनों से पटवारी और बीमा प्रतिनिधियों द्वारा खेतों में मूंग फसल की क्रॉप कटिंग की जा रही है। पटवारी रामनारायण जाजड़ा ने बताया कि जिले वार आवंटित खसरा संख्या 970,1944, 1830 में क्रॉप कटिंग की गई।

**इस प्रकार किया जाता है सर्वे :** रिलायंस प्रतिनिधि विष्णु भाटी ने बताया कि प्रत्येक गांव में रेंडमली या लॉटरी विधि द्वारा जिला स्तर से प्रत्येक फसल के चार-चार काश्तकारों के खेतों में क्रॉप कटिंग का सर्वे किया जाता है। फसल के लिए प्रत्येक हल्के में 5 बाई 5 मीटर का फील्ड नाप कर उसकी फसल की कटाई करके बंडल बनाकर गीली फसल का तोल किया जाता है। इसके बाद थ्रेसिंग कर बीज निकाले जाते हैं फिर उस दोनों को तौलकर उसका उत्पादन औसत निकालते हैं। 5 मीटर के क्षेत्र में अगर फसल को 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है तो उसे 100 प्रतिशत का नुकसान माना जाता है।

5 साल में सबसे कम उम्र वाले वर्ष को नुकसान मानकर गणना की जाती है इस तरह से जांच दल अपनी रिपोर्ट तैयार करता है इस आधार पर किसानों को मुआवजा और क्लेम मिलता है। जिन किसानों के केसीसी है उन्हें बीमा कंपनी द्वारा क्लेम दिया जाता है। बीमा प्रतिनिधि शिवम पटेल ने कहा फसल खराबे की सूचना सही समय पर देनी चाहिए। फसल कटाई के दौरान- पटवारी रामनारायण जाजड़ा, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि विष्णु भाटी और शिवम पटेल, मुकेश सरगरा, बफाराम सहित काश्तकार मौजूद रहे।

# डेगाना कोर्ट का आदेश : भरण पोषण की राशि सिक्कों में नहीं देगा पति

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट डेगाना में वर्ष 2021 के भरण पोषण के प्रार्थना पत्र पर अंतरिम आदेश सुनाते हुए पति जितेन्द्र निवासी उबासी को पत्नी ललिता निवासी मिठड़िया को 10 हजार प्रतिमाह बतौर भरण पोषण करने का आदेश दिया है। अरविन्द गवंलिया नाजीर ने जानकारी देकर बताया कि मदनलाल बालोटिया अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डेगाना के आदेश में कहा कि कई बार पति गुजारा भत्ता की रकम का भुगतान केवल सिक्कों में करतें है ताकि पत्नी को अपमान व हीनता का बोध कराया जा सके। यदि राशि हजार रूपये से अधिक है और पति राशि भुगतान एक या दो रूपये में करता है तो पत्नी को इनकार करने का अधिकार है। साथ ही पति जितेन्द्र को भरण पोषण की राशि सीधे ही पत्नी ललिता के बैंक खाता में करवाने का विकल्प दिया। पत्नी द्वारा दूसरा विवाह करने पर भरण पोषण की अधिकारी नहीं रहेगी।

# रावणा राजपूत समाज 23 को करेगा जोधपुर कूच

## -हाइफा हीरो शहीद मेजर दलपत सिंह देवली के 104 वें बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय महासम्मेलन में लेंगे भाग




कुचामनसिटी(नागौर डेली न्यूज) :

रावणा राजपूत समाज लोग 23 सितम्बर को जोधपुर कूच करेंगे। इसी क्रम में कुचामन सहित नागौर जिले से भी हजारों की संख्या में समाजबंधु जोधपुर जाएंगे। महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता कंवर ने बताया कि जोधपुर के रावण मैदान में आयोजित हाइफा हीरो शहीद मेजर दलपत सिंह देवली के 104 वें बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय महा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने आमंत्रण का न्यौता दिया है। इस बार समाज के राष्ट्रीय महा सम्मेलन में जिले के प्रत्येक गाँव व घर से समाज बन्धु राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने जोधपुर जाएगें। सम्मानसूचक जातिगत नामकरण व ओबीसी आरक्षण का वर्गीकरण है मुख्य मुद्दा- कुचामनसिटी तहसील अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व रिकार्ड में समाज का एक ही सम्मानसूचक रावणा राजपूत नामकरण करने, ओबीसी आरक्षण का वर्गीकरण करने, समाज को संख्यानुपात में राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व है फिर भी प्रदेश के 50 लाख रावणा राजपूत समाज को आज तक शासन प्रशासन में भागीदारी नहीं मिली है। इतिहास में पहली बार दोनों ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों ने समाज को एक एक विधायक की टिकट दी गई जिसमें शत प्रतिशत परिणाम लाकर दोनों ही प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधायक बन चुके हैं। चार प्रतिशत समाज को महज आधा प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है, रावणा राजपूत विकास समिति कुचामन महावीरसिंह चापावत ने बताया की 23 सितंबर को सुबह कुचामन से सैकड़ो की संख्या में समाजबंधु जोधपुर के लिए रवाना होंगे।

# राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद का जिला-स्तरीय अधिवेशन 23 को कुचामन में

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (प्रधानाचार्य) रेसा-पी, का जिला-स्तरीय अधिवेशन 23 सितम्बर 2022 को कुचामन के होटल गोदावरी पैलेस, बुड़सू चैराहे के पास, मेगाहाईवे बाईपास पर होगा। जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः सवा दस बजे से आयोजित इस अधिवेशन में संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। वर्तमान में प्रधानाचार्य के समक्ष चुनौतियां एवं समाधान और नवीन शिक्षा नीति की सरंचना एवं उपादेयता तथा अन्य शैक्षिक विषयों पर चिन्तन किया जायेगा। अधिवेशन के बाद व्याख्याता नवपदोन्नत प्रधानाचार्य एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य साथियों का सम्मान किया जाना है।

# चावला अध्यक्ष व कुल्डिया बने उपाध्यक्ष

## भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं की बुधवार को डूगरी वाले बालाजी मंदिर परिसर में मीटिंग आयोजित हुई। बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष रमेश चावला, उपाध्यक्ष मदनलाल कुल्डिया दलेलपुरा, दामोदर लाल खींची ,कोषा अध्यक्ष लोकेश कुमार, सचिव नेमाराम जड़ावटा चांदपुरा, सह सचिव मांगू राम नीवाद, सतीश प्रधान व कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार शर्मा, अशोक कुमार बानूड़ा, एडवोकेट दराब खान, गणेश नारायण कुमावत, अनिल कुमार जांगिड़, आनंद कुमार जोशी, सुमित्रा बिजारणिया, अमराराम मंडा, जगदीश बिजारणिया, बजरंग लाल कुमावत, रामनिवास रणवा, दुलीचंद, गुमाना राम कुमावत, गुमानाराम सारण, दिनेश मेघवाल, तिलोकाराम घोटीया, सभी को सर्व समिति से दायित्व दिया गया। सर्व समिति से सभी अभिकर्ताओं ने भारतीय जीवन बीमा निगम से मांग रखी, जिसमें मुख्य मुद्दा पार्टियों का लेप्सेशन पॉलिसी के ऊपर जीएसटी हटाने और पॉलिसी पर बोनस दरें बढ़ाने की मांग रखी गई।

# राजस्थान शिक्षक सेवा (अंबेडकर) का दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन कल से

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान शिक्षक सेवा (अंबेडकर) जिला नागौर का दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन जिला मुख्यालय नागौर के टाऊन हॉल में 23 सितम्बर से प्रारम्भ होगा। इस सम्मेलन बतौर मुख्य अतिथि निरंजन आर्य पूर्व मुख्य सचिव एवं प्रधान सलाहकार मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार होंगे। इनके अतिरिक्त अनेक प्रशासनीक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस भव्य तथा गरीमामय सम्मेलन में भाग लेगे।

# लिचाणा में इम्युनिटी बूस्टर स्वर्णप्राशन कैम्प सम्पन्न

## लिचाणा विकास समिति व डाबर इण्डिया सहयोग से आयोजित हुआ शिविर

### -300 से अधिक बच्चों को पिलायी इम्युनिटी बुस्टर दवाई

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आयुष हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर लिचाणा में लिचाणा विकास समिति और डाबर इण्डिया सहयोग से आयोजित इम्युनिटी बूस्टर स्वर्णप्राशन कैम्प आज सम्पन्न हुआ। कैम्प के बारे में जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद इब्राहिम राव ने बताया कि आज कैम्प में 300 से अधिक बच्चों को इम्युनिटी बुस्टर स्वर्णप्राशन दवा पिलायी गई। कैम्प का शुभारंभ पूजा-अर्चना के बाद स्वास्थ्य केन्द्र के संस्थापक कन्हैयालालजी सेठी की फोटो पर माल्यार्पण के बाद लिचाणा विकास समिति के गिरधारी सिंह, सरपंच नानुराम, को-ऑपरेटिव सोसाइटी के उपाध्यक्ष दिलिप सिंह, मंशी बल्डवाल, भंवरलाल कॉमरेड, नितेश शर्मा, हनुमान गुर्जर, विष्णु सिंह आदि गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इसके पश्चात् डॉ. राव ने उपस्थित अतिथितियों एवं ग्रामीणजनों को इम्युनिटी बूस्टर स्वर्णप्राशन दवा के महत्व एवं स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैम्प में आसपास के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के ग्रामों से आए बच्चों को स्वर्णप्राशन दवा पिलायी गई।

**नावां-कुचामन उपखण्ड में पहली बार आयोजित हुआ शिविर :** ग्रामीणजनों में स्वर्णप्राशन शिविर को लेकर काफी उत्साह देखा गया एवं ग्रामीणजनों ने ऐसे शिविरों के आयोजन आगे भी जारी रखने का आग्रह किया। डॉ. राव ने बताया कि इम्युनिटी बूस्टर स्वणप्राशन कैम्प कुचामन एवं नावां उपखण्ड के क्षेत्र में प्रथम बार आयोजित कैम्प है। इससे पूर्व इन दोनों उपखण्डों में इस तरह का निःशुल्क स्वर्णप्राशन कैम्प कभी भी आयोजित नहीं किया गया है।

### ये रहे मौजूद

इस कैम्प में बाहर से आये डॉ. विद्येश्वर दत्त शर्मा एवं कम्पाउण्डर राजेश शर्मा ने अत्यन्त सराहनीय सेवायें प्रदान की। इसके अतिरिक्त डाबर इण्डिया के प्रतिनिधि प्रीतम शर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना, प्रधानाध्यापक घनश्याम सिंह, जयकुमार जैन, पारस जैन, राजपाल सिंह, बंशी अंवला, रामेश्वर जागिड, दशरथ सिंह, उम्मेद सिंह, छितर गुर्जर, मनोज सिंह, राजेश जोशी, चैनाराम, हर्ष शर्मा योग प्रशिक्षक नितेश जैन तथा प्रीति सोलोमन सागर कुमावत, कम्पाउण्डर लालु प्रसाद, अनिता गजराज, सरिता, सम्पत नानुदेवी, सुगनादेवी, मनोहर आदि स्टाफ एवं ग्रामीणजनों का सहयोग सराहनीय रहा।

# लालास में राष्ट्रीय जन सेवा संस्थान ने वितरित की लम्पी रोधी दवा



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राष्ट्रीय जन सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम लालास में लम्बी रोग की दवा वितरण की, जिसमें 2050 गायों के लिए दवा वितरण की गई। राष्ट्रीय जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पवन कुमार सबलानिया ने बताया कि यह दवाई सूरत से मंगवाई जा रही है। इसे बनाने वाले आराध धाम मामापीर गौशाला सुखपर बावड़ी के किशन भाई खेनी द्वारा दवाई संपूर्ण भारत में भेजी जा रही है। राजस्थान में दवाई लाने का काम सम्राट ट्रैवल्स जो अपनी निःशुल्क सेवा दे कर संपूर्ण राजस्थान में दवा भेज रही है। संस्था के सचिव राजपाल सिंह शेखावत ने बताया कि इस दवा से मात्र 2 या 3 दिन में गाय की स्थिति में सुधार हो रहा है जो लम्पी रोग से ग्रस्त है शिविर की मुख्य रूप रेखा मुख्य सलाहकार व भंवर लाल माहीच व संगठन मंत्री बजरंग लाल मेघवाल के द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रभारी निर्मला मेघवाल ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनंदा कुमावत, श्रीमती कमलेश डूडी आशा सहयोगिनी, तिलोका राम शेषमा सरपंच, रामेश्वर डूडी भूतपूर्व सरपंच, रणवीर सेवर भूतपूर्व सरपंच, मोहनलाल भूतपूर्व सरपंच, दिनेश लोरा पंचायत समिति सदस्य, चिमना राम सुंडा, लक्ष्मण सेवदा, छोटूराम बोकोलिया राजेंद्र प्रदीप बाकोलिया, रामस्वरूप बाकोलिया राजू (टाइगर) शंकर, सुनील ओम प्रकाश, राकेश बाकोलिया आदि उपस्थित रहे।

# जीवन में यदि धर्म नहीं तो मानव व पशु में कोई फर्क नहीं : मदन मोहन महाराज



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** तारकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भट्टड़ परिवार द्वारा आयोजित भावगत कथा के छठे दिवस मदन मोहन महाराज (पुज्य व्यास) ने बताया कि आज हमारे देश मे धर्म का दिखावा बढ़ गया है। धर्म कम हो रहा है। धर्म हमारे जीवन की प्राण वायु है, जिससे स्वास चलती है। धर्म कोई अफीम नहीं जिसका नशा किया जाए। यदि धर्म नहीं है जीवन में तो मानव और पशु में कोई फर्क नहीं है इसलिए हमें सही धर्म का आचरण करना है। कथा के माध्यम से पुज्य महाराज ने चरित्र निर्माण व राष्ट्र उत्थान की बाते बताई। कथा में अजनेश्वर धाम जोधपुर के बाप जी श्री बाईजी महाराज का पदार्पण हुआ। सूरसागर जोधपुर रामद्वारा से स्वामी रामप्रसाद का आगमन हुआ। बहुत प्रसन्ता के साथ रुक्मणि ओर भगवान द्वारिकाधीश का विवाहोत्सब मनाया गया। सुमन भट्टड़ ने बताया कि मुम्बई, जयपुर, कोलकाता, जोधपुर से काफी संख्या में लोगो का आगमन हुआ और कथा श्रवण किया।

# 19वां रोजा अजीमोशान सौदा-ए-कर्बला कार्यक्रम आयोजित



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना की जामा मस्जिद अजीमोशान कर्बला कार्यक्रम मंगलवार शाम ईशा की नमाज के बाद आयोजित किया गया। जामा मस्जिद इमाम मौलाना शाहदत खान बरकाती ने बताया कि डेगाना की जामा मस्जिद के 100 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डेगाना के आसपास के सभी इमाम व मौलानाओं ने शिरकत कर कार्यक्रम में नाते पाक और तकरीर की। डेगाना शहर व आसपास के सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम भाग लिया।

रात भर चले कार्यक्रम में लोगों ने जोश खरोश के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुफ्ती मोहम्मद अशफाक साहब, बुलबुले बाग मदीना हजरत कारी मोहम्मद तौफीक रजा पाली, मरकज ए इस्लाम बरकाती अशफाक मेवात हरियाणा, हजरत कारी मोहम्मद जावेद रजा बासनी सहित आसपास के इमाम मौलाना कार्यक्रम में शिरकत कि।

# कर्मचारियों की मांगो को पूरा करवाना हमारा कर्तव्य : सुल्तान सिंह



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** कैलाश बाजिया ने जानकारी देकर बताया कि बुधवार को कार्यालय में कर्मचारियों की मांगो पर बैठक रखी गई। सरकार से ओपीएस लागू करवाना पदनाम चेंज करवाना, ओल्ड पेंशन आदि मुद्दो पर चर्चा की गई जिस पर एक्सईएन सुभाष चौधरी, एईएन ओपी बाना, जेइएन पंकज जिंगानिया जेइएन खेताराम, बाबुलाल, राजाराम, रामनिवास, ताराचंद, मुंशीराम, किशन, संतोष मीणा, सुशील सरगरा, सम्पत सिंह, राजेन्द्र मीणा श्रवण बाजिया, सायरी देवी, गीता, शारदा कर्मचारी उपस्थित रहें। दि समाज के युवा उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों बाइपास से निकलने वाली बसों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवायी

## चालक परिचालक को बस को मुख्य बस स्टेशन से होकर लाने के लिए किया निर्देशित

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा (नागौर डेली न्यूज)।** मारवाड़ मूंडवा में रोडवेज बस बाइपास से होकर निकल जाती है, जिससे रोडवेज को यात्रीभार कम मिलने से राजस्व कम मिलता है। वहीं आम यात्री को खासा परेशानी उठानी पड़ती है। रोडवेज बसों के बाइपास से निकलने से यात्रियों को रियायती किराये का लाभ नहीं मिल पाता है। मजबूरन यात्री को निजी बसों के मनमाने किराये का भुगतान करना होता है। समस्या को लेकर यात्रियों ने बुधवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शहरवासियों ने तहसीलदार से रोडवेज बसों को अंदर से लाने के लिए पाबंद करने की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर मूण्डवा तहसीलदार मनीराम खिचड़ तुरंत मौके पर पंहुचे।

तहसीलदार ने बाइपास से निकलने वाली बसों की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करवाई। वहीं चालक परिचालक को बस को मुख्य बस स्टेशन से होकर लाने के लिए निर्देशित किया। तहसीलदार ने नागौर मुख्य आगार प्रबंधक को बाइपास से निकलने वाली बसों की रिपोर्ट बनाकर तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है।

# खरीफ की फसलों की कटाई का दौर शुरू

## आखिरी दौर में मानसून ने फसलों को किया चौपट



### मौसम की मार से फसलें बीमार

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** क्षेत्र में फसलों के पकाव के दौर तक मौसम ने साथ नहीं दिया, जिसकी वजह से उपज पर बहुत असर पड़ेगा और नाममात्र की ही पैदावार हो सकेगी लेकिन बावजूद इसके उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में किसानों ने खरीफ की अपनी बची-कुची उम्मीदों के रूप में खेतों में फसलों को समेटना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में इस वर्ष मानसून की अच्छी आहट से खेतों में शुरू से तो अच्छी पैदावार थी किसानों के चेहरे खिले हुए थे लेकिन अब विदा होते मानसून से नुकसान होने पर अब किसान परेशान नजर आ रहे हैं क्योंकि अधिकांश इलाकों में इस बार फसलें कमजोर ही रह गई।

किसान परसाराम बुगालिया, झूमरमल बिजारणिया, जगदीश प्रसाद स्वामी, किसनलाल यादव, लखनपाल स्वामी आदि किसानो ने बताया कि क्षेत्र में कई किसान खरीफ की फसलो की कटाई का काम शुरू कर दिया है तो वहीं कई किसान साफ मौसम का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि आकाश में बादलों का दबदबा बना हुआ है आकाश में बादल चादर ताने हुए हैं जिसको लेकर किसानों की धड़कन बढ़ी हुई है।

उन लोगो का कहना है की इस बार निश्चित रूप से किसानों को खरीफ की फसलों में ज्यादा फायदा मिलने वाला नहीं है क्योंकि सितंबर के अंतिम दिनों में अक्सर मानसून की विदाई का दौर शुरू हो जाता है लेकिन अबकी बार विगत दिनों आई बारिश के साथ आंधी ने फसलों को चौपट कर दिया।

# छात्रसंघ अध्यक्ष गुर्जर का परबतसर में देव सेना ने किया स्वागत



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** बुधवार को राजकीय महाविद्यालय सांभरलेक के नवनियुक्त छात्रसंघ अध्यक्ष भवनेश कुमार गुर्जर रिणगी का परबतसर आगमन पर देव सेना अध्यक्ष दयाल गुर्जर के नेतृत्व में देवसेना कार्यालय पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान हरलाल गुर्जर, अर्जुन गुर्जर गुणावती, छात्र नेता गोगराज फागणा, मेवाराम गुर्जर रुणीजा, छात्र संघ उपाध्यक्ष मुरारीलाल गुर्जर, रघुनाथ गुर्जर मेहगाव, देवसेना महासचिव कालुराम गुर्जर मेंहगाव, अर्जुन गुर्जर, राधाकिशन, गुर्जर गिंगोली, जगदीश खटाणा, मुकेश गुर्जर रुपनगढ, रामस्वरूप गुर्जर माडण आदि समाज के युवा उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com